GeM पोर्टल पर 1 लाख करोड़ रुपए का कुल ऑर्डर मूल्य

स्रोत: पी.आई.बी.

रक्षा मंत्रालय (MoD) ने **सरकारी ई-मारकेटप्लेस (GeM) पोर्टल** के माध्यम से लेनदेन किये गए कुल ऑर्डर मूल्य के मामले में 1 लाख करोड़ रुपए का आँकड़ा पार करने के साथ सरकारी खरीदों के संबंध में एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है।

- GeM भारत सरकार के लिये **एक राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल** है। यह पोर्टल सरकारी खरीदारों के लिये एक खुला और पारदर्शी मंच बनाने के लिये **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा 2016** में लॉन्च किया गया था।
- GeM **सामान्य खरीद की वस्तुओं से लेकर मिसाइल प्रणालियों सहित महत्त्वपूर्ण रक्षा अधिग्रहणों** तक की खरीद की सुविधा प्रदान करता है।
- GeM परिवर्तनकारी बदलाव के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए सरकारी लेनदेन में लागत-प्रभावशीलता तथा दक्षता को अधिकतम करने के लिये **मांग एकत्रीकरण मॉड्यूल** का प्रयोग करता है।
- सार्वजनिक व्यय को अनुकूलित करने की अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए MoD इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने वाली पहली केंद्रीय सरकारी इकाई बन गई है।
    - सामाजिक समावेशन को अधिकतम करने के GeM के मूल मूल्य के अनुरूप रक्षा मंत्रालय ने कुल ऑर्डर का 50.7% सूक्ष्म और लघु उद्यमों (MSE) को प्रदान किया है।
- GeM प्लेटफॉर्म पर रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों की भागीदारी ने न केवल खरीद को आसान बनाया है, बल्कि बिक्री को भी सुविधाजनक बनाया है, जो खरीद परिदृश्य में एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mod-achieves-rs-1-lakh-crore-milestone-on-gem-portal